भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 525
उत्तर देने की तारीख 23.07.2026

विरासत का संवर्धन किया जाना

525. श्री नीरज शेखर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में भारत की मूर्त एवं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन हेतु सरकार द्वारा वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार उक्त राज्यों के प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक संसाधन केंद्र अथवा संग्रहालय स्थापित करने का विचार रखती है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) तथा (ख): संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों सहित देश भर में भारत की मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के परिरक्षण और संवर्धन के लिए कई स्कीमों का संचालन करता है।

मूर्त सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन और संरक्षण के लिए, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) केंद्रीय रूप से संरक्षित स्मारकों और पुरातत्व स्थलों एवं अवशेषों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय केंद्रीय बजट 2026 में घोषित एक केंद्र प्रायोजित उप-स्कीम, 'उत्खनन स्थलों और विरासत परिसरों का विकास' (देश) स्कीम कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश भर में 15 चयनित मूर्त सांस्कृतिक विरासत स्थलों का संवर्धन और सतत विकास करना है। मंत्रालय संग्रहालय अनुदान स्कीम भी

कार्यान्वित करता है, जिसके तहत क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर संग्रहालयों के विकास, आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत आवंटित/स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार विवरण, जिसमें उत्तर प्रदेश और बिहार भी शामिल हैं, **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन और सुरक्षा के लिए, मंत्रालय अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की सुरक्षा के लिए स्कीम कार्यान्वित करता है, जो भारत की जीवंत विरासत की पहचान, प्रलेखीकरण, संरक्षण, सुरक्षा और संवर्धन में सहायता करती है। मंत्रालय सांस्कृतिक कार्य और निर्माण अनुदान (सीएफपीजी) स्कीम भी कार्यान्वित करता है, जिसके तहत क्षेत्रीय, लोक और शास्त्रीय कला रूपों को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शन और निर्माण-आधारित गतिविधियों को आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा, गुरु-शिष्य परंपरा के संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान) स्कीम के तहत, पारंपरिक गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से भारत की शास्त्रीय मंच कलाओं को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और प्रसारित करने के लिए प्रख्यात गुरुओं और उनके रेपर्टरी समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ये स्कीमें कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए स्कीम के तहत कार्यान्वित की जाती हैं, जो कि समावेशी स्कीम कला संस्कृति विकास योजना (केएसवीवाई) का एक घटक है। बजटीय आवंटन केएसवीवाई के तहत किया जाता है और इसका उपयोग इसकी विभिन्न उप-स्कीमों और घटकों के लिए किया जाता है।

(ग): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुलग्नक-I

'विरासत का संवर्धन किया जाना' के संबंध में दिनांक 23.07.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतांराकित प्रश्न संख्या 525 के भाग (क) तथा (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत तीन वित्तीय वर्षों में संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत संस्वीकृत/जारी/उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	**राज्य**	**संगठन का नाम**	**संगठन का प्रकार**	**संग्रहालय का प्रकार**	**संस्वीकृत राशि**	**वित्तीय वर्ष: 2023-24**	**वित्तीय वर्ष: 2024-25**	**वित्तीय वर्ष: 2025-26**	**उपयोग की गई निधि**
1.	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश सरकार, पद्मश्री कल्लूरी सुब्बाराव स्मारक जिला पुरातत्व संग्रहालय अनंतपुर	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	572.00	286.00	-	-	**572.00**
2.		आंध्र प्रदेश विज्ञान नगर, आंध्र प्रदेश सरकार, कैलासगिरी (दोवारी कोंडा), विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	375.20	-	-	129.13	**150.395**
3.		पुरातत्व और संग्रहालय, आंध्र प्रदेश सरकार, राल्लाबंडी सुब्बा राव पुरातत्व पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	-	59.956	**200.00**
4.		आंध्र साहित्य परिषद राजकीय संग्रहालय के विकास के लिए पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, काकीनाडा टाउन, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	800.00	-	-	400.00	**-**
5.	अरुणाचल प्रदेश	सांस्कृतिक मामलों का विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, जिला संग्रहालय, जीरो, अरुणाचल प्रदेश	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की	720.00	-	21.699	338.301	**360.00**

				स्थापना					
6.	गुजरात	राजकोट राज्य फाउंडेशन, रजित विलास पैलेस, पैलेस रोड, राजकोट, गुजरात	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	125.00	-	-	**500.00**
7.	हिमाचल प्रदेश	भाषा और संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार, बेंटनी कैसल, शिमला, हिमाचल प्रदेश	राज्य सरकार	संग्रहालय का विकास	667.752	-	-	333.876	**338.76**
8.	लेह लद्दाख	देसकिड सांस्कृतिक और कल्याण सोसायटी, देसकिड, गोम्पा, लद्दाख	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	435.04	-	-	87.01	**413.29**
9.	मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश	स्थानीय पुरातत्व संग्रहालय, सिरोंज, विदिशा; मध्य प्रदेश विरासत विकास ट्रस्ट, पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय, बांणगंगा रोड, भोपाल	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	152.80	-	-	53.48	**122.24**
10.		हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश	विश्वविद्यालय	मौजूदा संग्रहालय का विकास	500.00	-	250.00		**66.00**
11.		मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जहागीरबाद, भोपाल; मध्य प्रदेश, मोती महल परिसर, ग्वालियर के दक्षिणी विंग में संगीत संग्रहालय की स्थापना के लिए	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	1000.00	-	-	500.00	**2.26**
12.		मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जहागीरबाद, भोपाल; सिटी संग्रहालय, मोती महल, भोपाल, मध्य प्रदेश के आधुनिकीकरण/विकास के लिए	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	1500.00	-	-	750.00	**750.00**

13.		मध्य प्रदेश, भोपाल के राज्य संग्रहालय विकास के लिए पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय निदेशालय (डीएएएम), मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	393.21	-	-	98.30	**294.90**
14.	महाराष्ट्र	पारसी पंचायत बॉम्बे की निधि एवं संपत्तियां, फ्रामजी दादाभाई अलपीवाला संग्रहालय, डॉ. दादा भाई नैरोजी रोड, फोर्ट, मुंबई	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	64.48	100.00	-	**400.00**
15.		सिम्बायोसिस सोसाइटी, एशियाई सांस्कृतिक संग्रहालय, पुणे के विकास के लिए	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	35.615	8.90	8.90	-	**35.615**
16.	मणिपुर	कंगला किले, मणिपुर के अंदर 3 गैलरी के लिए राज्य पुरातत्व, मणिपुर सरकार इम्फाल, मणिपुर	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	435.51	108.87	-	-	**326.632**
17.		खोंगजोम युद्ध स्मारक ट्रस्ट खोंगजोम बाजार, खोंगजोम पुलिस स्टेशन के सामने, थौबल जिला, मणिपुर	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	125.00	-	-	**375.00**
18.		एनालोन क्रिश्चियन डेवलपमेंट कमेटी (एसीडीसी), चंदेल, मणिपुर		नए संग्रहालय की स्थापना	449.166	224.58	-	112.291	**336.87**
19.	मिजोरम	जिला संग्रहालय, लुंगलेई , निदेशक कला एवं संस्कृति विभाग, चनमारी , आइजोल	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	827.217	206.807	-		**827.217**
20.		ट्राइबल म्यूज़ियम,	स्वायत्त	नए	450.00	-	-	225.00	**106.11**

		कमलनगर, ज़िला लॉन्गतलाई, चकमा स्वायत्त डिस्ट्रिक्ट काउंसिल, कमलनगर , मिज़ोरम	निकाय	संग्रहालय की स्थापना					
21.		सियाहा में एक क्षेत्रीय संग्रहालय बनाने के लिए कला और संस्कृति विभाग, मिजोरम सरकार	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	901.305	-	-	450.652	**450.652**
22.	नागालैंड	तुएसांग टाउन नागालैंड में चेसोर संग्रहालय स्थापित करने के लिए	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	937.265			222.604	**923.03**
23.	ओडिशा	जे. डी. सेंटर ऑफ आर्ट, वीआईपी कॉलोनी, नयापल्ली , भुवनेश्वर	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	621.60	35.352	57.887	62.16	**559.44**
24.	राजस्थान	महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय, सिटी पैलेस, जयपुर राजस्थान		मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	1.00	-	199.00	**199.94**
25.	तमिलनाडु	सरकारी संग्रहालय, थिरुगोकर्णम , पुदुकोट्टई, तमिलनाडु	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	320.00	-	-	80.00	**240.00**
26.		सरकारी संग्रहालय सेंट मार्क रोड, समथानपुरम पलायमकोट्टई , जिला तिरुनेवेली		मौजूदा संग्रहालय का विकास	181.144	-	-	45.286	**224.95**
27.		सरकारी संग्रहालय त्रिची, रानी मनगम्मल पैलेस, जिला तिरुचिरापल्ली		मौजूदा संग्रहालय का विकास	299.94	-	-	74.985	**224.955**
28.		सरकारी संग्रहालय		मौजूदा	92.00	-	-	23.00	**69.00**

		ऊटी, स्टोन हाउस, जिला उधगमंडलम		संग्रहालय का विकास					
29.	तेलंगाना	सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद, तेलंगाना	संस्कृति मंत्रालय का स्वायत्त निकाय	आभासी अनुभवात्मक संग्रहालय	33.00	33.00	-		**18.466**
30.	उत्तर प्रदेश	इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश	उच्च न्यायालय	मौजूदा संग्रहालय का विकास	20.976	10.488	-	5.243	**15.731**
31.		इंडिया लिटरेसी बोर्ड, लिटरेसी हाउस, कानपुर पुर रोड, लखनऊ	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	500.00	-	-	125.00	**374.93**
32.		वीआरआई ब्रज कल्चर म्यूजियम, वृंदावन रिसर्च इंस्टीट्यूट। रमन रेती मार्ग, वृंदावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	340.304	-	170.52	152.774	**323.294**
33.		सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में संत रविदास संग्रहालय बनाने के लिए संग्रहालय निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	1000.00	-	-	500.00	**500.00**
34.		अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय और कला दीर्घा, अयोध्या यूपी में डिजिटल रामायण दीर्घा (डिजिटल इंटरवेंशन) के विकास के लिए पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ उत्तर प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	800.00	-	-	360.00	**760.00**

35.	पश्चिम बंगाल	महानिदेशालय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) (पूर्वी कमान), कोलकाता	सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	648.71	154.839	-	7.33	**479.189**
36.	दिल्ली	इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस, ईस्ट ऑफ कैलाश (इस्कॉन), नई दिल्ली	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	-	180.00	**380.00**

विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम- संग्रहालय संग्रह के डिजिटलीकरण के अंतर्गत संस्वीकृत/जारी/उपयोग की गई निधियों का विवरण

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	**राज्य**	**संगठन का नाम**	**संगठन का प्रकार**	**संस्वीकृत राशि**	**वित्तीय वर्ष 2023-24**	**वित्तीय वर्ष 2024-25**	**वित्तीय वर्ष 2025-26**	**उपयोग की गई निधि**
1.	कर्नाटक	बसवा समिति, बसव भवन, श्री बसवेश्वर रोड, बेंगलुरु-560001	एनजीओ	25.00	-	-	12.50	25.00

*****